बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
* सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9473191199, 9431479774

महासचिव,
* सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :- * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम

संयुक्त सचिव:- * राजचन्द वार्डियार
* अनिल कुमार

कोषाध्यक्ष:- * चन्द्र शेखर सिंह

संयुक्त कोषाध्यक्ष:- * विनोद आनन्द

पत्रांक : 66 दिनांक 23/11/12

सेवा में

माननीय उप–मुख्यमंत्री,
बिहार सरकार, पटना।

विषय:- 01.01.2009 एवं इस तिथि के बाद नियुक्त बि.प्र.से. के पदाधिकारियों का PB-2 ग्रेड पं-5400 में वित्त विभाग के संकल्प संख्या-630 दिनांक-21.01.2010 के त्रुटिपूर्ण व्याख्या कर गलत संशोधित वेतन पूर्जा निर्गत करने के संबंध में।

प्रसंग:- संघ का पत्रांक-48 दिनांक-06.09.12

महाशय,

उपरोक्त विषयक संघ के मांग के संदर्भ में वित्त विभाग के पत्र 12097 दिनांक-17.10.12 (छाया प्रति संलग्न)द्वारा यह आदेश निर्गत हुआ कि "संकल्प संख्या-630 दिनांक-21.01.2010 में विहित शिड्यूल-2 यथा कंडिका-8 के अनुरूप वेतन निर्धारण यथावत रखते हुए उक्त शिडयूल को संशोधित करने का विषय राज्य सरकार के विचाराधीन है।"

पुनः वित्त विभाग के पत्रांक-15777 दिनांक-07.11.12 (छाया प्रति संलग्न) द्वारा यह आदेश निर्गत हुआ कि "शिडयूल-2 दिनांक-01.01.06 या उसके वाद नवनियुक्त कर्मियों पर ही लागू है; पूर्व से नियुक्त सरकारी कर्मियों के लिए नहीं"। यह आदेश संकल्प 630 दिनांक-21.01.10 के अनुरूप निर्गत है। परन्तु वित्त विभाग द्वारा पत्र 15892 दिनांक-12.11.12 (छाया प्रति संलग्न) द्वारा पुनः संशोधित आदेश निर्गत किया जाता है जो इस प्रकार है "शिडयूल-2 01.01.06 या उसके बाद 31.12.08 तक नवनियुक्त कर्मियों पर ही लागू है; पूर्व से नियुक्त सरकारी कर्मियों के लिए नही"।

यह आदेश सरकार के संकल्प 630 दिनांक-21.01.10 के प्रावधान कंडिका-8 के विपरीत है, तथा 01.01.09 या उसके बाद की नियुक्त पदाधिकारियों/ कर्मियों का वेतन निर्धारण की प्रक्रिया में भ्रम की स्थिति उत्पन्न करता है। एक ही बिन्दु पर बार-बार वित्त विभाग द्वारा मंत्रिमंडल के आदेश के विरूद्ध संशोधन किया जाना दुखद है तथा उपरोक्त से संघ के सदस्यों में काफी असंतोष है।

संघ का अनुरोध है कि मामले में भवदीय पहल कर सरकार के संकल्प का अनुपालन कराने की कृपा जाए।

अनु०-यथोक्त।

ह०

(सुशील कुमार)
महासचिव

ज्ञापांक- 66 दिनांक- 23.11.12

प्रतिलिपि:- सभी सम्पादक हिन्दी एवं अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्रों को प्रकाशनार्थ प्रेषित।

[signature] 23/11/12
महासचिव